Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 14-05-2022 अंक 225

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बरही में 67.95 प्रतिशत मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग,

## महिला का प्रतिशत 73 व 62 प्रतिशत पुरूष रहे शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में बरही प्रखंड के 263 बूथों में पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो गया। निर्धारित समय तक 67.95 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान सुबह सात बजे से शुरू हुआ। सुबह 9 बजे तक 20.38 प्रतिशत वोट पड़ा। वहीं 11 बजे तक 31.86 प्रतिशत वोट पडा। अंतिम 3 बजे तक कुल 67.95 प्रतिशत वोट पड़ा। बरही प्रखंड में 263 बूथों पर कुल 65988 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमे 34027 महिला एवं 31961 पुरुष मतदाता शामिल हैं।बरही प्रखंड के 20 मुखिया, 26 पंचायत समिति सदस्य एवं सभी पंचायत के कुल 399 वार्ड सदस्य का किस्मत मतपेटी में बंद हो गया। 17 को मतपेटी खुलेगा। 17 को ही परिणाम घोषित होगा।



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसपी डीसी



मतदान के लिए कतार में लगी महिला

मतदान सुबह 7 बजे से अपराह्न तीन बजे तक चला। शांति पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। हर बूथ पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, बीडीओ ऋचा क्रिस्टिना इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो लगातार गस्त लगाते देखे गए। विदित हो कि 263 बूथ को नियंत्रित करने के लिए 16 क्लस्टर बनाए गए थे। अति संवेदनशील एवं संवेदनशील बूथों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था किया गया था। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में मेडिकल टीम भी गस्त लगाते देखे गए। वही डीसी नैंसी सहाय एवं एसपी मनोज रत्न चौथे भी बरही में कई बूथों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## कोनहराकला बूथ नंबर 176 के बाहर दो प्रत्याशी के समर्थक आपस में भिडे. पत्रकार को खानी पड़ी पुलिस की लाठियां

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहराकला नव प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ के बाहर दो प्रत्याशियों के समर्थक आपस में भीड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर बरकट्ठा थाना प्रभारी बिक्रम कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचते ही बूथ के आस पास मौजूद लोगों पर लाठियां भांजनी शुरू कर दी। जिसमें बूथ नंबर 176 पर चुनाव का समाचार संकलन कर रहे खबर 365 के स्थानीय पत्रकार संतोष करना पांडेय को भी पुलिस ने बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना में पुलिस की पिटाई से संतोष पांडेय को काफी गहरी चोंटें आई है। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य




केंद्र बरकट्ठा में किया गया। बताया जा रहा है कि चुनाव में मतदान के दौरान दो प्रत्याशियों के समर्थक किसी बात को लेकर आपस में एक दूसरे से भिड गये थे। घटना में पत्रकार के साथ भी मारपीट करने को लेकर स्थानीय पत्रकारों में काफी रोष है। इस बाबत थाना प्रभारी बिक्रम कुमार ने बताया कि दो प्रत्याशी के समर्थक झगड़ा झंझट कर रहे थे जिसें हटाने के लिए बल का प्रयोग किया गया। पत्रकार की पिटाई के बारे में पूछे जाने पर बताया कि संतोष पांडेय के पास कोई आईडी कार्ड नही था जिससे उसकी पहचान कर पाते। इधर बरही अनुमंडल पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, उपाध्यक्ष रेयाज खान, सचिव दयानंद चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, पंकज कुमार, बरकट्ठा प्रखंड प्रभारी परमानंद पांडेय समेत अन्य पत्रकारों ने घटना की कड़ी निंदा की है। वहीं अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर से अपील किया है। इसका जांच कर अविलंब कार्यवाई करने का मांग किया है।

## गांव की सरकार चुनने के लिए लोगो ने किया मतदान
























डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बरकट्ठा में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



शनिवार की सुबह से ही मतदाता लाइन में लगकर मतदान किया. बरकट्ठा के बुथ नंबर 191 पर सुबह 8.50 बजे तक 637 मतदाता में 100 वोट डाला गया. बुथ नंबर 95 पर 363 में 86 वोट, बुथ नंबर 197 पर सुबह 9 बजे 454 में 90 वोट, बुथ नंबर 190 पर सुबह 9.30 बजे 623 में 97 वोट, बुथ नंबर 196 पर सुबह 9.45 बजे 333 में 95 वोट, बुथ नंबर 194 पर 312 में 86 वोट, बुथ नंबर 211 पर सुबह 9. 45 बजे 595 में 102 वोट, बुथ नंबर 214 पर सुबह 10 बजे 501 में 118 वोट, बुथ नंबर 212 पर 405 में 93 वोट, बुथ नंबर 213 पर 476 में 120 वोट, बुथ नंबर 227 पर सुबह 10.20 बजे 382 में 161 वोट, बुथ नंबर 219 पर 357 में 102 वोट, बुथ नंबर 221 पर 400 में 145 वोट, बुथ नंबर 220 पर सुबह 10.30 बजे 401 में 113 वोट, बुथ नंबर 224 पर 405 में 125 वोट, बुथ नंबर 225 पर 483 में 125 वोट, बुथ नंबर 173 पर दोपहर 12.30 बजे 173 में 111वोट, बुथ नंबर 179 पर 451 में 251 वोट, बुथ नंबर 186 पर दोपहर 12.45 बजे 111 में 57 वोट, बुथ नंबर 187 पर 204 में 128 वोट पड़ा था. मतदान के दौरान बरकट्ठा पुलिस निरीक्षक अमित कुमार लकडा, थाना प्रभारी बिक्रम कुमार, गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी, बीडीओ कृति बाला लकडा, सीओ श्रीकांत लाल मांझी चुनावी गतिविधियों पर नजर रखें हुये थे.

## गांव की सरकार बनाने में युवा भी ले रहे है बढ़-चढ़कर हिस्सा
## कई युवा एवं युवतियों ने पहली बार किया मतदान, कहा मेरा वोट गांव में बेहतर शिक्षा व्यवस्था एवं खुशहाली के लिए

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दे पर डाली हूं वोट : काजल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पहली बार मतदान कर रही युवतियों में मतदान के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में काजल भारती ने बताया की सुबह सात बजे तैयार होकर अपने परिजनों के साथ मतदान केंद्र पहुंची। पहली बार मतदान करने का उत्साह था, आज मैने पहली बार वोट डाला है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर एक को मतदान करना अति आवश्यक है। मतदान के अधिकार से ही एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण होता है। आज पहली बार वोट डालकर मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इस चुनाव में वोट देने के साथ ही वह अन्य युवतियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगी। साथ ही उन्होंने कहा की मैं पहली बार अपना मतदान कर रही हूं, जो की मेरा मत भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दो पर मतदान किया है। साथ ही उन्होंने सभी युवा मतदाताओं से अपील किया की आज के समय के लोग बिना सोचे समझे अपनी मतदान का उपयोग करके भ्रष्ट व्यक्ति को सत्ता तक पहुंचा दिया जाता है। यही व्यक्ति बाद में भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाता है। लोगो को साफ छवि के व्यक्ति के पक्ष में अपना वोट करना चाहिए । हम युवा जब तक जागरूक नहीं होंगे तब तक समाज नही जागेगा।


काजल भारती

## सलैया में नाम वापसी के बाद बैलेट पेपर में पिता समेत नाम छपा, हंगामा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखण्ड के सलैया पंचायत में मुखिया पद के लिए रीतलाल प्रसाद पिता सहदेव प्रसाद ग्राम बरवां एवं रीतलाल प्रसाद पिता रुपलाल प्रसाद, सलैया निवासी ने मुखिया पद के लिए नामांकन किया। नामांकन वापसी के बाद रीतलाल प्रसाद पिता रुपलाल प्रसाद का नाम बैलेट पेपर पर छपे रहने से प्रत्यासी रीतलाल प्रसाद ने विरोध जताया है। बूथ नंबर 124, 125, 126, 127 में मतदान करने पहुंचे मतदाताओं ने भी नाराजगी जताई। इसकी शिकायत करते हुए प्रत्याशी रीतलाल प्रसाद ने कहा कि बैलेट पेपर में नाम वापस लेने वाले का नाम पिता समेत छपे रहने से मतदाता भ्रमित हो गए। वहीं मतदान करने पहुंचे लोग भी भ्रमित होते हुए मतदान कर्मियों से ही सवाल करने लगे। इस वजह से मतदान प्रक्रिया धीमी गति से हुई। इस बाबत में मुखिया पद के निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ श्रीकांत लाल मांझी ने इस संदर्भ में बताए कि मामले की जानकारी जिला निर्वाची पदाधिकारी को दी जा रही है ।

## धनवार मुखिया उम्मीदवार राजेन्द्र प्रसाद ने मतदाताओ का जताया आभार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। जिसके बाद धनवार पंचायत से मुखिया पद के उम्मीदवार राजेन्द्र प्रसाद ने पंचायत के तमाम मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए चुनाव में उनके पक्ष में मतदान करने के लिए आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत सभी समस्याओं के लिए वे संघर्षरत रहेंगे। विकास समाज सेवा के साथ सभी के सुख दुरूख में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आगे भी काम करेंगे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## नए मतदाताओं में मतदान को लेकर दिखा उत्साह

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

नए मतदाताओं में मतदान के अधिकार मिलने पर वे काफी उत्साहित होकर वोट देने बूथ पर पहुंचे। मासीपीढ़ी के बूथ नंबर 85 में नए मतदाता निशा कुमारी ने कहा कि मतदान के अधिकार मिलने और पहली बार वोट करने में खुशी मिल रही है। योग्य प्रत्याशी को वोट देंगे। बसरिया के बूथ नंबर 88 में प्रियंका कुमारी ने भी मतदान को लेकर उत्साहित थी। कहा कि अपने स्तर से वोट विकास करने वाले को देंगे। युवा रोहित कुमार ने कहा कि खुशी हो रही है कि वोट का अधिकार पहली बार मिला। वोट सोंच समझकर दिए हैं। सभी प्रत्याशी के चरित्र के आधार पर वोट किया है।

फोटो बरकट्ठा

## भीषण गर्मी में भी मतदाताओं ने चढ बढ़ कर किया मतदान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रखंड क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भीषण गर्मी होने के बाद भी युवा एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने-अपने घर से निकलकर मत का प्रयोग किया। जिसके बाद मुखिया प्रत्याशीयों, पंचायत समिति एवं वार्ड सदस्य उम्मीदवारों का किस्मत मतदान पेटी में बंद किया गया। चलकुशा प्रखंड क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 58.34% पुरूष एवं 74.5% महिला मतदान हुआ। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, अंचल अधिकारी शशिकांत सिंह, थाना प्रभारी धनंजय सिंह अपने अपने दल बल के साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र में गस्ती करते नजर आए। बीडीओ ने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान हो रहा है। एवं सीओ ने मतदाताओं को अपने-अपने घर से निकलकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने को कहा गया।

## विधायक ने किया मतदान




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतदान में भाग लिए उन्होंने अपने गृहक्षेत्र चलकुशा प्रखण्ड के ग्राम चटकरी मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में मतदान किये उन्हा. ने कहा ग्राम स्वराज की सफल स्थापना के लिए उन्होंने मतदान में भाग लिए

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पुलिस ने पत्रकार पर लाठी चलाई पत्रकार हुआ जखमी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहराकला नव प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ के बाहर दो प्रत्याशियों के समर्थक आपस में भीड़ गये. घटना की सूचना मिलने पर बरकट्ठा थाना प्रभारी बिक्रम कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे. थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचते ही बूथ के आस पास मौजूद लोगों पर लाठियां भांजनी शुरू कर दी. जिसमें बूथ नंबर 176 पर चुनाव का समाचार संकलन कर रहे खबर 365 के स्थानीय पत्रकार संतोष कुमार पांडेय को भी पुलिस ने बेरहमी से पिटाई कर दी. घटना में पुलिस की पिटाई से संतोष पांडेय को काफी गहरी चोंटें आई है. जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया. बताया जा रहा है कि चुनाव में मतदान के दौरान दो प्रत्याशियों के समर्थक किसी बात को लेकर आपस में भिड गये थे. घटना में पत्रकार के साथ भी मारपीट करने को लेकर स्थानीय पत्रकारों में काफी रोष है. इस बाबत थाना प्रभारी बिक्रम कुमार ने बताया कि दो प्रत्याशियों के समर्थक झगड़ा झंझट कर रहे थे जिसें हटाने के लिए बल का प्रयोग किया गया. पत्रकार की पिटाई के बारे में पूछे जाने पर बताया कि संतोष पांडेय के पास कोई आईडी कार्ड नही था जिससे उसकी पहचान कर पाते. इधर बरही अनुमंडल पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, उपाध्यक्ष रेयाज खान, सचिव दयानंद चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, पंकज कुमार, बरकट्ठा प्रखंड प्रभारी परमानंद पांडेय, अनिल कुमार वर्णवाल, समेत अन्य पत्रकारों ने घटना की कड़ी निंदा की है.

## लसकरी में शांतिपूर्ण तरीके से पंचायत चुनाव को लेकर मतदान संपन्न

### गांव की सरकार बनाने के लिए महिला एवं पुरुषो ने किया मतदान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**









बरही प्रखंड के रसोइया धमना पंचायत के लसकरी में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुआ। वहीं सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक चले मतदान में लगभग 70 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । इस दौरान मतदान केंद्र पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया कही से किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। बताते चले की सुबह 7 बजे मतदान प्रारंभ होने से पूर्व ही अधिकांश मतदान केंद्रों पर महिला एवं पुरुष मतदाताओं का कतार लगा था। इन मतदाताओं में गांव की सरकार बनाने का जज्बा दिख रहा था। विशेषकर पहली बार वोट डालने आई युवतियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं पहली बार मतदान कर रहे युवा एवं युवतियों में पंचायत में मजबूत सरकार बनाने के लिए वोट डालने की बात कही। वहीं दूसरी और कई मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते देखे गए।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चतरा सदर,कुंदा एवं प्रतापपुर में पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न

### चतरा 69.66 प्रतिशत, कुन्दा 69.73 प्रतिशत, प्रतापपुर में 67.24 प्रतिशत हुआ मतदान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**
**कुमार चंदन**





जिला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के वोटिंग के दौरान दो पक्षों के समर्थक आपस में भिड़ गए। इसके बाद देखते ही देखते मामला हाथापाई और मारपीट तक जा पहुंचा। इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच जमकर हाथापाई और मारपीट हुई। मामला चतरा जिला के प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के भरही गांव में बनाए गए मतदान केन्द्र की है। हालांकि मामले की सूचना तुरंत एसडीपीओ अविनाश कुमार को दी गयी। जिसके बाद मौके पर एसडीपीओ अविनाश कुमार दलबल के साथ पहुंचकर लोगों को समझा कर मामले को शांत करवाया। यह झड़प दो मुखिया प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच वोट डालने को लेकर हुई है। इधर पुलिस मामले को शांत कराने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी है साथ ही मामले की जांच में जुट गई है।रुपहले चरण में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 68.47 प्रतिशत मतदान हुआ। सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन-2022 के प्रथम चरण के चुनाव में आज हुए चतरा, प्रतापपुर एवं कुन्दा प्रखंड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुआ। अपने निर्धारित समय प्रातः 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ जो अपराह्न 3 बजे तक चला। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर इस पूरी प्रक्रिया का जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) -सह-उपायुक्त अंजली यादव, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन एवं उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता चतरा प्रखंड के देवरिया, हफुआ, सीमा समेत प्रताप. पुर प्रखंड पहुंच मेराल, गोरी घाट, गजवा, पांति एवं अन्य मतदान केंद्रों पर जाकर पूरी मतदान प्रक्रिया पर नजर रखा गया। साथ हीं समाहरणालय के नियंत्रण कक्ष से पूरी मतदान प्रतिशत की जानकारी ली गई। क्षेत्र के लोगों ने जागरूक नागरिक का परिचय देते हुए युवा एवं बुजुर्ग मतदाता अपनी मतों का बढ़ चढ़कर प्रयोग किया। मतदान केंद्रों पर निष्पक्ष चुनाव एवं विधि व्यवस्था को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतेजाम किए गए। चुनाव कार्य में योगदान दे रहे पदाधिक. ारियों एवं कर्मियों ने भी उत्तरदायित्व पूर्ण अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए सफल चुनाव सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चतरा, प्रतापपुर एवं कुन्दा में कुल 68.47 मतदान का प्रतिशत रहा। इनमें चतरा 69.66 प्रतिशत, कुन्दा 69.73 प्रतिशत एवं प्रतापपुर में मतदान का प्रतिशत 67.24 रहा। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात मतदान कर्मियों द्वारा मत. पेटिका को चतरा कoलेज चतरा में बने बज्र गृह में जमा कराया जा रहा। जिसकी मतगणना 17 मई 2022 को निर्धारित है।

## कान्हाचट्टी बी डी ओ के नेतृत्व में निकाला गया मतदाता जागरूकता अभियान

### कान्हाचट्टी बाजार,खाप लवानी एवं राजपुर बाजार निकला प्रभात फेरी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**




शनिवार की सुबह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के नेतृत्व में गांव की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान सह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।इस मतदाता अभियान में झारखण्ड बा. लिका आवासीय विद्यालय,बी के प्लस टू उच्च विद्यालय एवं बुनियादी बेसिक विद्यालय के दजनो छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया।जागरूकता अभियान ब्लॉक परिसर से शुरू होकर खाप लवानी,कान्हाचट्टी एवं राजपुर बाजार,मिश्रडीह, पांडेयडीह होते पुनः प्रखण्ड परिसर में खत्म हुआ।बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि गांव की सरकार बनाने वाले मतदाताओं को जागरूक किया गया जिसमें उन्हें आग्रह किया गया कि आप चाहें जहां भी रहे लेकिन मतदान के दिन अपने अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच कर अपना मत का प्रयोग जरूर करें।आपका एक एक मत आपके पंचायत में होने वाले विकास में अहम भूमिका मानी जाती है।वहीं झारखण्ड बालिका विद्यालय की वार्डेन डा. मंजू पांडेय ने कही की आप मतदाताओं से आग्रह है कि आप एक जागरूक और जिम्मेवार नागरिक की तरह अपना मत को सही जगह पर प्रयोग करें और गांव की सरकार बनाने के मदद करें।अभियान में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारि निर. जंन सिंह,बी के प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रचार्य पवन कुमार चौधरी,रितेश सिंह,सूरज उरांव,गुड़िया कुमारी,सत्येन्द्र दाँगी,प्रामोद यादव सहित दर्जनों बच्चे व शिक्षक मौजूद थे।

## गिरिडीह विधयक ने किया कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




आज गिरिडीह जिला में 1281मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। आज 14मई को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022के मद्देनजर प्रथम चरण के मतदान को लेकर सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्वक शुरु हुई जो दिन के तीन बजे तक चली। जमुआ प्रखंड के 544मतदान केंद्रों, गिरिडीह प्रखंड के 385मतदान केंद्रों और गांडेय प्रखंड के 352मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। जमुआ प्रखंड में 71.54:, गिरिडीह प्रखंड में 73.86:और गांडेय प्रखंड में 72.41:मतदान हुआ। औसतन 72.46:मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। जिला निर्वाचन पदा. धिकारी सह उपायुक्त गिरिडीह द्वारा बंदरकुप्पी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चमरखी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अकदोनीकला, बदडीहा आदि विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किये और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की।

## जिला परिषद उम्मीदवार अनुराधा कुमारी ने अरारी पंचयात में किया जनसम्पर्क अभियान

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी में तीसरे चरण के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का जनसम्पर्क अभियान जोर पकड़ने लगा है। प्रत्यासी क्षेत्रों में घूम-घूम कर लोगों से क्षेत्र के विकास के लिए समर्थन मांग रहे है। शनिवार को बिरनी पश्चमी भाग संख्या 20 के जिलापरिषद उम्मीदवार अनुराधा कुमारी ने अरारी पंचयात की जनता के साथ बैठक कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा विकास से उपेक्षित इस क्षेत्र में कृषि व्यवस्था को दुरूस्त करना व लोगों को अधिकार दिलाना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा क्षेत्र के अब भी कई ऐसे गांव हैं जिसमे प्रखण्ड मुख्यालय पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं हैं । क्षेत्र की जनता ने मौका दिया तो हर गांव को रोड, नाली से जोड़ने व रोजगार के व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रमुख लक्ष्य होगा। इस दौरान राजकुमार साव, छोटू शर्मा, पप्पू शर्मा, सुरेश रजक,मनोज पंडित,विजय रजक, भीखन पंडित, नारायण यादव, मीना देवी, मनोज राम, कारू यादव कंचन राय अमित गुप्ता अनिल रजक, मालती देवी सहित सैकड़ों महिला, पुरुष उपस्थित रहे।

## बिरनी:-बिजली चोरी के मामले में 10 लोगो पर केस

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**


बिरनी प्रखण्ड के पूर्वी बलगो, पश्चिमी बलगो और दोनिया में 10 लोगों के खिलाफ बिजली विभाग ने केस किया है। बता दें कि पूर्वी बलगो से समसुद्दीन अंसारी, रजाक अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, अजमत अंसारी, बंशी मंडल, जलील मियां, पश्चिमी बलगो से अनीस अंसारी, नईम अंसारी, दोनियां से नसीम अंसारी राजेश विश्वकर्मा आदि लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बिजली विभाग ने इन लोगों के खिलाफ बिजली चोरी व बिना कनेक्शन के बिजली से चलने वाले उपकरण का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। वहीं इसके कारण लोगों का बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है। नसीम अंसारी ने कहा कि बिजली विभाग किसी के बहकावे और मनमाने ढंग से प्राथ. मिकी दर्ज करवाई जा रही है। आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। कहा कि मैंने कोई बिजली न तो जलायी है और न ही बिजली विभाग को कोई सबूत मिला है। फिर भी मेरे खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो विभाग के खिलाफ केस करेंगे।



# मनरेगा में लूट का खुलासा हुआ आरटीआई से

अपेम लाइव : गीरिडीह

बजरंगी महतो




गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखंड में मनरेगा योजना में लूट की जरा बानगी तो देखिए। योजनाओं में मेट पीएम नरेंद्र मोदी की पत्नी यशोदा बेन, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, राहुल गांधी को बनाकर मजदूरी भूगतान कर दिया गया है। अधिवक्ता अवधेश सिंह ने आरटीआई के तहत बेंगाबाद प्रखंड के फुरसोडीह, रातडीह, दामोदरडीह, हाड़ोडीह, मान. सिंहडीह, रंगखारियो, करमाटांड, मगरोडीह, कि. सनीचक, चौधरीडीह, मंझलाडीज, सहित बेंगाबाद में हूए मनरेगा योजना अन्तर्गत कार्यो की जानकारी मांगी थी। सुचना मांगने पर 2019के तत्कालीन बीडीओ ने 207पेज की सत्यापित क०पी उपल्ब्ध कराई थी जिसमे स्पष्ट रुप में अंकित है कि 1.09लाख की लागत से हाड़ोडीह में नरेश दास को मुर्गी पालन शेड का कायदिश मिला था जिसमे मेट प्रियंका गांधी वाड्रा को बनाया गया था जिसमे उसे 15दिन काम करते दिखाया गया है और उसे 15दिन का मेहनताना भी भूगतान किया गया है। हाड़ोडीह गांव में ही कूप निर्माण में स्वर्गीय राजीव गांधी को मेट बनाया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी की पत्नी यशोदा बेन को प्राथमिक कन्या विद्यालयबेंगाबाद(पूर्वी) में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य में मेट बनाया गया है। जबकि राहुल गांधी को प्राथमिक विद्यालय हाडोडीह में शेड निर्माण कार्य में मेट नियुक्त किया गया है। सरकारी दस्तावेज चीख चीख कर कह रहे हैं कि यशोदा बेन, राजीव गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, और राहुल गांधी ने 2018में बेंगाबाद प्रखंड में बतौर मेट काम भी किया है और मजदूरी भी लिया है। आरटीआई के तहत उपल्ब्ध सत्यापित क०पी से यश स्पष्ट होता है कि पदाधिकरी लोग रिश्वत लेकर कोई भी पेपर में बगैर नाम पढ़े हस्ताक्षर कर देते हैं और मृत के नाम से ज०ब कार्ड इश्यू कर देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गिरिडीह ज़िला में अगर निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से मनरेगा योजना अन्तर्गत हुए कार्यो की जांच पड़ताल की जाय तो करोड़ो करोड़ रुपए की घोटाला निकलकर सामने आ सकती है। प्रत्येक वर्ष कार्यों के अंकेक्षण के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है या ऐसा भी कह सकते है कि योजनाओं में बरती गई अनियमितताओं को मैनेज किया जाता है। प्रत्येक वर्ष विभिन्न तरह की ग्रामीण विकास योजनाओं की अ०डिट कर गलतियों को कागज पर दुरुस्त किया जाता है। ऐसे में मनरेगा योजना का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। मजदूरों के नाम पर लाखो करोड़ों रुपए की हेराफेरी होती है। कोई सुननेवाला नही कोई देखनेवाला नही। आज के समय में मनरेगा योजना सिर्फ कागजों और बड़े बड़े होर्डिंगों की शोभा बनकर रह गई है। किसी भी आला अधिकारियों के पास समय नहीं है जांच पड़ताल करने का। गिरिडीह जिला में पीएम आवास योजना के लाभुकों का मजदूरी गदहे की सिंघ की तरह गायब हो गई है, लाभुकों द्वारा कई बार मजदूरी भूगतान कराने को लेकर गुहार लगाई गई मगर आज तक किसी ने ध्यान तक नहीं दिया। आज भी कई पीएम आवास अधूरे पड़े हैं राशि भूगतान के अभाव में।

# डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान में निकले पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी रितेश ठाकुर, मतदाताओं ने समर्थन देने का जताया भरोसा

## मध्य पंचायत की सर्वांगीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता : रितेश ठाकुर

अपेम लाइवः बडकागॉव

अमित मालाकार



मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी रितेश कुमार ठाकुर ने चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान। जनसंपर्क अभियान में मध्य पंचायत के ठाकुर मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, राणा मोहल्ला व हरिजन मोहल्ला के लोगों ने अपना भरपूर समर्थन देने का भरोसा जताया है। जिसमें ग्रामीणों ने उत्साह के साथ कहा कि आप जैसे युवा, शिक्षित, उम्मीदवार को चुनने से ही हमारे मध्य पंचायत का विकास सुनिश्चित होगा। आगे ग्रामीणों ने कहा कि हम सब इस बात से अवगत हैं कि सामाजिक कार्य के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र में आपका योगदान रहा है एवं पत्रकार पद के आपकी लेखनी से हमारे क्षेत्र के समस्याओं को दूर करने का आपने भरकर प्रयास किया है। इससे यह स्पष्ट रूप से पता चलता है कि हमारा पंचायत अब पूर्ण रूप से शिक्षित व मूलभूत सुविधाओं की जरूरतें अब पूर्ण होगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार श्री ठाकुर ने कहा कि समाज सेवा के उद्देश्य इस पंचायत चुनाव में आया हूं जब भी हमारी जरूरत पड़े तो बेहिचक याद करें हर समय आपकी सेवा में तत्पर रहूंगा। मध्य पंचायत की सर्वांगीण विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# अमन बस के छत पर रखा 18000 का सामान गायब पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

अपेम लाइवः बडकागॉव


अमित मालाकार


हजारीबाग से सुबह 10:30 बजे बड़कागांव आने के दौरान अमन बस के छत पर रखे 18000 की सामग्री गायब हो जाने के एक मामले को लेकर बड़कागांव बसरिया टोला निवासी नीतीश कुमार ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर बस के ड्राइवर एवं खलासी के ऊपर समान नहीं देने का आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि में हजारीबाग से 18000 की सामग्री खरीदा था जिसे खलासी के द्वारा अमन बस की छत पर भाड़े के साथ रखा गया था। परंतु जब बड़कागांव पहुंचे तो देखा कि सामग्री गायब है। मामले को लेकर भुक्तभोगी नीतीश ने थाना प्रभारी से आगरा किया है कि गंभीरता से मामले की छानबीन कर दोषी अमन बस के खलासी पर कानूनी कार्रवाई करते हुए इंसाफ की मांग की है।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## गाँव कि सरकार बनाने के लिए रामगढ़ सिविल जज से लेकर नेताओ ने किया मतदान

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखण्ड में गांव की सरकार बनाने के लिए एक ओर जहां आम मतदाताओं में उत्साह था वही कई दिगज. जो ने मतदान गांवकर पंचायत चुनाव में भागीदार बने। बच्छई पंचायत के मलिकाना बूथ पर रामगढ़ जिला के सिविल जज राज. `श कुमार अपने समाजसेवी पिता रामलाल साव व भाई बिनोद साव के साथ सपरिवार वोट डालने पहुँचे। श्री राजेश ने कहा कि पहली बार पंचायत चुनाव में अपना मत डालने गाँव आया हूँ। कहा लोगों को भी गांव की सरकार चुनने में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। इधर प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिंह ने भी अपने बाराछतरपुरा स्थित मतदान केंद्र पर पहुंच कर गांव की सरकार चुनने में अपने मतों का प्रयोग किया। योगेन्द्र सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव में लोगों का उत्साह देखने लायक है। समाजसेवी भुनेश्वर यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रति. निधि राजेन्द्र चनद्रवंशी सहित अन्य नेताओं ने अपने अपने बूथ पर मत का प्रयोग कर पंचायत चुनाव में जनभागीदारी निभाया।

## सेनादोनी पंचायत में भिड़े मुखिया समर्थकों के दो गुट चली ईंट पत्थर

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित सेनादोनी पंचायत के वार्ड नंबर 02बूथ संख्या 61पर निवर्तमान मुखिया बालेश्वर यादव के समर्थकों और मुखिया प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार देव के समर्थकों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई जो धीरे धीरे हिंसक झड़प में बदल गई और जमकर चले ईंट पत्थर जिसमे रिंकू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं उसको बचाने आए अशोक यादव भी मामूली रूप से घायल हो गया। रिंकू यादव का इलाज सदर अस्पताल में किया गया। रिंकू यादव ने मुफ्फसिल थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। थाना में दिए गए आवेदन में रिंकू यादव ने लिखा है कि आज 14मई को वह निवर्तमान मुखिया बालेश्वर यादव की तरफ़ से बतौर बूथ एजेंट के रुप में कार्य कर रहा था तभी अचानक दिलीप यादव, नरेश यादव, लोकी यादव सभी साकीनान घघरडीहा और चंदन देव, उदयशंकर देव, सत्येंद्र कुमार देव, धोनी देव सभी साकीनान सेनादोनी के साथ 15-20अज्ञात लोग हरवे हथियार से लैस होकर दो पहिया और चार पहिया (स्विफ्ट डिजायर) से घघरडीहा बूथ नम्बर 61 और वार्ड नंबर 02पर आए और बूथ पर कब्जा करने की नियत से लड़ाई झगड़ा करते हुए आतंक फैलाने लगा। जिसका मैने विरोध किया तो मुझपर हमला कर मुझे घायल कर दिया। मैं मतदान केंद्र पर घंटों बे. होश पड़ा रहा। कुछ लोग हिम्मत जुटा कर आए और मुझे इलाज हेतु सदर अस्पताल गिरिडीह पहुंचाया। रिंकू यादव ने लोकी यादव पर सात हजार रुपए छीनने औरसा. `नेकीअंगूठीका आरोप भी लगाया है।

## मतपेटी में बंद हुवा उम्मीदवारों का भविष्य, हार जीत का आंकलन शुरू

### 26 मुखिया, 32 पसस और तीन जिला परिषद सदस्य का फैसला 17 को

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**










पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान सम्पन्न हो गया। छिटफुट घटनाओं के अलावे चौपारण में में शान्तीपुर्ण मतदान सम्पन्न हुवा। गाँव की सरकार बनाने में महिलाओं का भागीदारी बढ़चढ़ कर रहा। मतदान करने को लेकर युवाओ में उत्साह का माहौल था। सुबह से ही मतदाता अपने अपने वोटरों को घर से निकालने में जुटे रहे है। देर शाम प्रखण्ड के 26 पंचायतो से मुखिया, 32 पंचायत समिति सदस्य व 3 जिला परिषद सदस्य के अलावे कई वार्ड सदस्यों का भविष्य मतपेटी में कैद हो गया। इधर देर शाम मुखिया, जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के उम्मीदवार अपने अपने समर्थकों के साथ बूथ वाईज हार जीत का आंकलन करने में जुट गए। इधर सुबह से जी पुलिस प्रशासन विधि व्यावस्था में जुट रहे है। चुनाव सम्पन्न कराने के बाद देर शाम चुनाव कर्मी मतपेटी को सुरक्षित विनोवा भावे युनिवर्सिटी स्थित व्रज गृह में जमा करने के लिए निकल गए। पंचायत का कामन किसे मिलेगा, कौन होगा जिला परिषद सदस्य, कौन संभालेगा पंचायत समिति सदस्य का दायित्व आने वाला 17 मई को मतगणना के बाद पता चलेगा।

## प्रशासन की चूक कहिए या मतदान कर्मियों की लापरवाही

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022में लगभग प्रत्याशीयों ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार किया। जिला प्रशासन और चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने में अपील किया था और आज हो रहे प्रथम चरण के मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन द्वारा अपील की जा रही है। एकाध बूथ पर पुलिस बल की तैनाती दिखाई दी और लगभग बूथों पर लाठी बल की तैनाती की गई थी। बूथों पर मतदान कर्मियों के लिए पानी की व्यवस्था नही दिखी। गिरिडीह सदर प्रखंड स्थित खावा पंचायत के एक मतदाता ने बैलेट पेपर का फोटो खींचकर प्रत्याशी के नाम के चुनाव चिन्ह को रेखांकित कर सोशल मीडिया पर डाल दिया जो कि कानूनन अपराध है। आखिर उस मतदाता को बैलेट पेपर का फोटो खींचते हुए किसी मतदान कर्मी ने क्यों नहीं रोका। सुरक्षा की कमी के कारण इतनी बड़ी लाप. रवाही हुई। इसका जिम्मेवार कौन होगा। किसी भी प्रत्याशी विशेष को चिन्हित करते हुए बैलेट पेपर को सोशल मीडिया पर डालना कानून का उलंघन है। इस विषय पर संज्ञान लेकर दोषियों को चिन्हित कर कार्यवाही करे जिला प्रशासन।

THE MECHANICS
विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर
प्रो० – विक्रम कुमार
हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers
पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

Mahindra
INSURANCE BROKERS
(Mahindra Group Company)
SAJHEDAARI
vikas mein bhagedari
Point of Sales Person (POSP)
POSP Code: P0007934
Mr. Krishna Prajapati
यहाँ पर सभी गाड़ियो का
Motor Insurance Two Wheelers, Private Car, Commercial Vehicles
(Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor)
किया जाता है।
LIC Micro Insurance & Health Insurance Available
Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD BARHI 825405
MO:- 7004315535,9122983300
Our Partners
ICICI Lombard, TATA AIG, Liberty General Insurance, HDFC ERGO, Future Generali, digit, care, Royal Sundaram, Oriental Insurance, New India Assurance, Chola MS
सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy